# Geographical Location and Importance of Egypt in Africa




मिस्र के पश्चिम में लीबिया एवं दक्षिण में सूडान देश स्थित हैं। मिस्र एवं सूडान के बीच की सीमा $22^\circ$ उत्तरी अक्षांश तथा मिस्र एवं लीबिया के बीच की अधिकांश सीमा $25^\circ$ पूर्वी देशान्तर द्वारा निर्धारित की गई है।

© Encyclopædia Britannica, Inc.

# Boundary

- इसकी उत्तरी सीमा भूमध्यसागर एवं पूर्वी सीमा लाल सागर द्वारा तय की जाती है। उत्तर–पूर्व में इसकी सीमा इजराइल से मिलती है।
- स्वेज नहर के पूर्व में स्वेज की खाडी **(Gulf of Suez)** एवं अकाबा की खाड़ी **(Gulf of Aquba)** के बीच स्थित सिनाई प्रायद्वीप **(Sinai Peninsula)** मिस्र का ही हिस्सा है जो कि एशिया महाद्वीप में स्थित है।
- अर्थात् मिस्र का अधिकांश भाग अफ्रीका में स्थित है लेकिन कुछ हिस्सा एशिया में भी है।

# Nile Valley Civilization

- मिस्र में नील घाटी सभ्यता का विकास ई.पू. 6000 वर्ष पहले हुआ।



# गीजा के पिरामिड

- उत्तरी मिस्र में नील नदी के पश्चिमी किनारे के निकट गीजा के चट्टानी पठार **(Rocky plateau)** पर विश्व इतिहास की इस आश्चर्यजनक इमारत का निर्माण आज से लगभग **4500** वर्ष पूर्व **(2500 BC)** किया गया था।
- ज्यामितीय अर्थो में पिरामिड वह संरचना है जिसका बाहरी तल त्रिभूजाकार (कूल चार त्रिभूज) है और चारों शीर्ष एक ही बिंदू पर मिलते हैं। अर्थात् ये पिरामिड चार त्रिभूजों से निर्मित ऐसी संरचना है जिसमें चारों त्रिभूज ऊपर की ओर उठते हुए एक दूसरे के निकट आते हैं और शीर्ष पर चारों मिल जाते हैं।
- चारों भूजाएँ धरातल के साथ $51^{\circ}52'$ का कोण बनाती हैं।

# मानव प्रजाति के विकास में अहम योगदान

- उत्तर में भूमध्यसागर, पूर्व में लालसागर, दक्षिण एवं पश्चिम में मरूस्थल की प्राकृतिक सीमाओं द्वारा संस्कृति सुरक्षित रही। अर्थात् यहां की भौगोलिक दशाओं ने मिश्र की संस्कृति विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
- प्राचीन समय से ही यह भूमि, जो बिना वर्षा के भारी मात्रा में कृषि पदार्थ उत्पन्न करती रही है, पड़ौसी देशों के लिए ईर्ष्या का कारण रही है।
- कृषि पदार्थो की बहुलता के कारण यह देश 'भूखे लोगों के लिये सुरक्षित स्थान रहा है।' कारण पानी की नियमित आपूर्ति, उच्च्व तापमान, भूमध्य सागरीय जलवायु, वर्ष भर कृषि के लिए उपयुक्त दशाएं आदि।

# राजनीतिक परिदृश्य (Political Panorama)

- मिस्र 1517 से 1914 तक ओटोमन साम्राज्य का अंग था।
- प्रथम विश्व युद्ध के बाद ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन आ गया।
- 1922 में राजतंत्र एवं 1953 में गणतंत्र बना।
- सन् 1958 में संयुक्त अरब गणराज्य (U.A.R.) निर्माण हेतु इसे सीरिया में मिला दिया गया लेकिन 1961 में अलग हो गया और 1971 में मिस्र के अपने निजी नाम दिया गया।